आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 43 लखनऊ, मंगलवार 21 फरवरी 2023 से 27 फरवरी 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## भारत के लिए मानवता सर्वोपरि, देश को आप पर गर्व : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। हाल में ही तुर्कीये में भूकंप के जबरदस्त झटके आए थे। इसके बाद वहां भीषण तबाही देखी गई। भारत में अपरेशन दोस्त के तहत एनडीआरएफ के जवानों को वहां भेजा था और राहत और बचाव कार्य में मदद की थी। आज इस अपरेशन में शामिल जवानों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत के लिए मानवता सर्वोपरि है। आप सब ने पूरी निष्ठा के साथ वहां काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे डग स्क्वायड के सदस्यों ने गजब का दम दिखाया। देश को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' सिखाया है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। जब परिवार का कोई सदस्य मुसीबत में हो तो उसकी मदद करना भारत का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल जवानों को सैल्यूट भी किया। उन्होंने कहा कि आप सब वहां मौत से मुकाबला कर रहे थे। हमारी टीम ने शानदार काम किया है। तिरंगा लेकर आप जहां भी पहुंचते हैं, वहां एक आश्वासन मिल जाता है कि भारत की टीमें अब यहां आ चुकी हैं और हमारी मदद होगी। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी देश हो अगर मानवता की बात हो तो भारत मानव हित को सर्वोपरि रखता है। पूरी दुनिया ने देखा कि आप कैसे तुरंत वहां पहुंचे। यह आपकी तैयारी और आपके प्रशिक्षण कौशल को दर्शाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने १० दिनों तक जिस तरह से काम किया है वह काबिले तारीफ है। मोदी ने कहा कि मैंने प्राकृतिक आपदा के साथ आने वाली समस्याओं को



देखा है और मेरा पहला अनुभव २००१ में गुजरात भूकंप के दौरान हुआ था। भुज में पूरा अस्पताल ढह गया था और ऐसे में बचाव और राहत कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया था। उन्होंने कहा कि १६७६ में भी जब मोरबी बांध टूटने से मोरबी शहर में बाढ़ आ गई थी। मैं वहां एक स्वयंसेवक के रूप में मौजूद था और महीनों तक राहत और बचाव में काम किया था। तुर्की में बचाव और राहत मिशन के दौरान आप सभी ने जो कड़ी मेहनत और साहस दिखाया है, उसकी मैं कल्पना कर सकता हूं। जब कोई अपनी मदद खुद कर सकता है तो हम उसे आत्मनिर्भर कहते हैं। लेकिन जब स्वेच्छा से मदद की पेशकश की जाती है तो यह निःस्वार्थ होती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत न केवल आत्मनिर्भर बना है बल्कि स्वयं को एक निःस्वार्थ राष्ट्र के रूप में भी स्थापित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपरेशन गंगा आत्मनिर्भरता का एक उदाहरण है क्योंकि हम अपने छात्रों के साथ–साथ अन्य विदेशी नागरिकों को भी बचाने में सक्षम थे। हमने अभूतपूर्व स्थिति में अफगानिस्तान से भी लोगों को बचाया और अपने नागरिकों को सुरक्षित घर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान एनडीआरएफ देश के लोगों के बीच भरोसा कायम करने में सफल रहा है। चक्रवात हो, बाढ़ हो, या भूकंप हो, आप सभी को संकट में आशा और विश्वास की एक किरण के रूप में देखा जाता है और यह छक्त्थ के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं एनडीआरएफ के प्रयासों की सराहना करता हूं और देश आपकी तैयारियों के प्रति आश्वस्त है। लेकिन मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि आप इतने पर ही न रुकें और अपनी क्षमताओं को बढ़ाते रहें ताकि एनडीआरएफ दुनिया की सबसे अच्छी बचाव और राहत टीम बने।

## असहमति के आधार पर कार्यवाही बाधित करना न तो लोकतंत्र के हित में है और ना ही राज्य के: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केवल असहमति के आधार पर विधानसभा की कार्यवाही को बाधित करना न तो लोकतंत्र के हित में है और ना ही राज्य के। राज्य विधानमंडल के बजट सत्र में शामिल होने के लिए विधानसभा जाते वक्त मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच असहमति हो सकती है। सत्ता पक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों पर जवाब देने से भाग नहीं सकता, लेकिन सदन की कार्यवाही को बाधित करना न तो राज्य के हित में है और ना ही लोकतंत्र के हित में।'' उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपने मुद्दों को सदन में शालीनता से प्रभावी शब्दावली



के साथ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा विधानमंडल के संयुक्त सदन को संबोधित किए जाने के साथ बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो जाएगी और यह १० मार्च तक चलेगी। उन्होंने कहा, ''राज्य के २५ करोड़ लोगों के लिए आगामी २२ फरवरी को वित्तीय वर्ष २०२३–२४ का बजट पेश किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो अन्य पार्टियों के नेताओं से विचार–विमर्श करके शनिवार को भी सदन की कार्यवाही संचालित कराई जाएगी।'' आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार सदन में जनहित के सभी मुद्दों पर चर्चा करने और उनका जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''हमें सदन को शानदार तरीके से चलाने का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। हमारे पास सदन को अच्छी चर्चा का मंच बनाने का अवसर है।

## उप्र विधानसभा में हंगामे के बीच राज्यपाल का अभिभाषण, विपक्षी ने कहा 'राज्यपाल वापस जाओ'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरुआत के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विपक्ष की नारेबाजी और शोरगुल के बीच अभिभाषण पढ़ा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा पूर्वाह्न ११ बजे विधानमंडल के संयुक्त सदन में अभिभाषण शुरू करने से पहले ही समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य 'राज्यपाल वापस जाओ' और 'तानाशाही की यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी' के नारे लगा रहे थे। इसी शोरगुल और हंगामे के बीच राज्यपाल ने अभिभाषण जारी रखा। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान पिछले




दिनों लखनऊ में हुई 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' तथा राज्य सरकार की अन्य विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र किया जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा का वर्ष २०२३ का यह पहला सत्र है। सत्र आगामी १० मार्च तक संचालित किए जाने का कार्यक्रम है। सरकार वित्तीय वर्ष २०२३ २४ का बजट आगामी २२ फरवरी को विधानसभा में पेश करेगी।

## माफिया मुख्तार अंसारी की बहू भेजी जाएगी जेल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में चर्चित जेल प्रकरण में निरूद्ध माफिया मुख्तार अंसारी की बहू निखत बानो की पुलिस रिमांड सोमवार को खत्म हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निखत को सोमवार को पुलिस रिमांड से जेल भेज दी जाएगी जांच में निखत के फोन से कई अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर और कई अंतरराष्ट्रीय लोगों से तार जुड़े होने की संभावना व्यक्त की गई है, फिलहाल निखत अपनी तबीयत खराब होने का बहाना बनाते हुए कुछ भी बताने से मना करती रही। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक निखत और उसके कार चालक नियाज से अलग अलग की गयी बातों में काफी अंतर रहा। उधर, पुलिस स्थानीय सपा नेता फराज खान द्वारा की गई मदद की जांच भी कर रही है। फराज फिलहाल फरार है। पुलिस जानकारी के लिए उसके पिता को पूछताछ के लिए ले गई थी। उल्लेखनीय है कि ११ जनवरी को पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के चित्रकूट कारागार में अचानक डाले गए छापे में बिना जानकारी दिए निखत जेल अधीक्षक के कमरे में मुख्तार के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी के साथ पाई गई थी। मुलाकात का यह क्रम काफी दिनों से लगातार चल रहा था। छापे के बाद हुई कार्यवाही में जेल अधीक्षक ने दो जेलर समेत पांच लोगों को निलंबित कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक ड्राइवर नियाज अभी दो दिन और पुलिस के रिमांड में रहेगा।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग




लखनऊ। इंडिगो एयरलाइंस से जुड़ा एक और घटनाक्रम सोमवार को सामने आया, जब दिल्ली से आ रहे विमान को मिली धमकी के बाद लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा– दिल्ली से देवगढ़ जा रही फ्लाइट ६ई ६१६१ को बम की धमकी के बाद लखनऊ के लिए डायवर्ट किया गया था। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकल का पालन किया गया और विमान को बाद में टेक–अफ के लिए मंजूरी दे दी गई। इंडिगो जांच में सुरक्षा एजेंसियों के नियमों का पालन कर रही है।

# सम्पादकीय

## उप्र विधानसभा का बजट सत्र, सरकार ने कसी कमर

उत्तर प्रदेश विधानसभा का आगामी बजट सत्र कानपुर देहात जिले में मां–बेटी की हाल में हुई मौत, कानून–व्यवस्था और महंगाई समेत अन्य मामलों को लेकर हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को घेरने की योजना बनाई है। वहीं, राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विपक्ष के पास सदन के पटल पर उसे घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उप्र विधानसभा का बजट सत्र २० फरवरी से शुरू होगा और राज्य का बजट २२ फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने १५ फरवरी को कहा था कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा में कानपुर देहात जिले में एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कथित तौर पर आत्मदाह के कारण एक महिला और उसकी बेटी की मौत का मुद्दा उठाएगी। सपा नेताओं ने कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए इस मामले पर प्रमुखता से चर्चा की मांग होगी। उल्लेखनीय है कि १३ फरवरी की शाम कानपुर देहात जिले के रूरा थाना इलाके के मडौली गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान प्रमिला दीक्षित (४५) और उनकी बेटी नेहा दीक्षित (२०) ने कथित तौर पर अपनी झोपड़ी में खुद को आग लगा ली थी, जिससे दोनों की मौत हो गयी। उनकी झोपड़ी कथित रूप से ग्राम समाज की जमीन पर बनी थी। दोनों का बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां अंतिम संस्कार किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दोनों महिलाओं की मौत के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए। पुलिस ने १३ फरवरी की घटना के बाद एक उप जिलाधिकारी, चार राजस्व अधिकारियों, एक थाना प्रभारी और अज्ञात पुलिसकर्मियों सहित ३६ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उप्र विधान परिषद में सपा के सदस्य आशुतोष सिन्हा, महराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक वीरेन्द्र चौधरी समेत विपक्ष के कई नेताओं ने अलग अलग बातचीत में 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि कानपुर देहात का मामला सदन में प्रमुखता से उठाया जाएगा और महंगाई, बेरोजगारी एवं कानून–व्यवस्था के मसले पर भी चर्चा की मांग होगी। विपक्षी दलों के नेताओं ने यह भी कहा कि हाल में लखनऊ में 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–२०२३' की मेजबानी करने वाली राज्य सरकार से यह भी पूछा जाएगा कि पिछली बैठकों में किए गए निवेश के कितने प्रतिशद वादे को धरातल पर लागू किया गया है। विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के इकलौते सदस्य उमा शंकर सिंह ने कहा कि कानपुर देहात में मां–बेटी की जान जाने और राज्य सरकार द्वारा गन्ने के दाम नहीं बढ़ाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों के विचारों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्ष के पास (सरकार को घेरने के लिए) कोई मुद्दा नहीं है। जहां तक कानपुर देहात की घटना का संबंध है, कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने साफ कहा कि दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच होगी, जिन्होंने राज्य सरकार के निर्देशों के खिलाफ काम किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या विधानसभा में रामचरितमानस पर बहस हो सकती है, मौर्य ने कहा कि राजनेता कानूनों और विकास पर बोलते हैं और 'धर्माचार्य' (धार्मिक शिक्षक) धार्मिक ग्रंथों पर बोलते हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम एक बजट ला रहे हैं, जो उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए होगा। बजट राज्य के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएगा। कानपुर देहात हिंसा पर पाठक ने कहा कि कानपुर देहात मामले की एसआईटी (विशेष जांच दल) जांच पहले से ही चल रही है। दोषियों को सजा मिलेगी। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

# धन के अभाव में किसी गरीब का इलाज बाधित नहीं होगा : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी गरीब का इलाज बाधित नहीं होने दिया जायेगा। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में श्री योगी ने ३०० लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता है और सभी के साथ न्याय किया जाएगा। लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके रहते किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की भी खासी भागीदारी रही। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोशाला में योगी ने जैसे ही नाम लेकर पुकारा, गोवंश उनके पास दौड़े चले आए। गोवंश उनके इतने समीप आ गए जैसे बच्चे अपने अभिभावक से लिपट जाते हैं। उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से गुड़ चना खिलाया।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के बाद विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

लखनऊ। यूपी विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के बाद बजट सत्र की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित हो गयी है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इसके बावजूद राज्यपाल ने अपना पूरा अभिभाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा कि यूपी की आर्थिक व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है, आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सुधार हुआ है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पीएम सम्मान निधि योजना के तहत खाते में पैसे भेज जा रहे हैं और सरकार ने सभी सैनिक परिवारों को सम्मान दिया। राज्यपाल ने कहा कि यूपी की आर्थिक व्यवस्था में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास का इंजन यूपी है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया, कहा कि यूपी में सबसे ज्यादा जनधन खाते खुले हैं। आनंदीबेन पटेल ने कहा यूपी में कई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य जारी है और सभी बीपीएल परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण का सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के इस अभिभाषण में हमारी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया है जो आम जनता के



लिए बेहद जरूरी है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी के आने वाले बजट में सभी जनाकांक्षाओं का ख्याल सरकार रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि सार्थक चर्चा के जरिये इस सत्र में आम जनता से जुड़ी तकलीफों को दूर किया जा सके। सीएम ने राज्यपाल के अभिभाषण में विपक्ष के विरोध को लेकर कहा कि अगर किसी तरह का विरोध करना है तो उसके लिए सही तरीका अपनाया जाना चाहिए। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है और सरकार सदन में हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है। सीएम योगी ने बजट सत्र में आने वाले सभी विधानसभा सदस्यों को धन्यवाद दिया। बजट सत्र की शुरुआत में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण को विपक्ष ने झूठ का पुलिंदा बताया है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि ये अभिभाषण सफेद कागज पर लिखा साफ झूठ है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने किये गए किसी भी वाडे पर खरी नहीं उत्तरी है। प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ लगातार हिंसा हो रही है, प्रदेश की अर्थव्यवस्था चौपट है और सरकार खोखले वादे कर रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि योगी सरकार ने किसान,नौजवान और व्यापारियों को ठगने का काम किया है। प्रदेश में रोजगार नहीं है,उद्योग चौपट है, लेकिन सरकार विकास के बड़े दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

## सीएम योगी नहीं चाहते हैं जातीय जनगणना : अखिलेश यादव

लखनऊ। राजधानी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। सपा अध्यक्ष ने विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के दौरान निजी टीवी चौनल से कहा कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दूसरे प्रदेश से आते हैं इसीलिए वो जातीय जनगणना नहीं चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाज का विकास जाति जनगणना के द्वारा ही संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास और निवेश को लेकर केवल खोखले दावे किये गए हैं। जबकि असलियत में किसान, नौजवान और व्यापारियों को बर्बाद करने का काम यूपी सरकार ने किया है। इसको लेकर समाजवादी पार्टी सदन से लेकर सड़क तक विरोध करेगी। गौरतलब है कि आज से यूपी विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हो गयी है। आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सत्र की शुरुआत में अभिभाषण पढ़ा। जिसमें उन्होंने यूपी सरकार के काम का लेखा–जोखा पेश किया,साथ ही योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को लेकर भी बखान किया। राज्यपाल के अभिभाषण का समूचे विपक्ष ने तीखा विरोध किया। तकरीबन एक घंटे के अभिभाषण के दौरान लगातार सरकार और राज्यपाल के विरोध में नारेबाजी होती रही।

# रमाबाई अम्बेडकर मैदान में शिक्षामित्र महासम्मेलन का आयोजन,केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि

लखनऊ। राजधानी के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में शिक्षामित्र महासम्मेलन का आयोजन हुआ। आदर्श सामायोजित शिक्षक और शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले जुटे एक लाख से अधिक शिक्षामित्रों ने इस सम्मेलन के जरिये अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का रास्ता निकाला है। शिक्षामित्र महासम्मेलन में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि आदर्श सामायोजित शिक्षक और शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन लगातार सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में कार्य करता रहा है। जिससे शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान हो सके। इसी के चलते इस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के दुख दर्द को समझती है और उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के हित मे सकारात्मक कदम उठायेगी। साथ ही उन्होंने शिक्षामित्रों को सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र पूर्व की भांति शिक्षण कार्य में अपना योगदान पूरी निष्ठा के साथ देते रहें। इस अवसर पर शिक्षामित्रों की बात सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन भी केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने दिया है। वहीं सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालन विभाग के मंत्री ड. संजय निषाद भी पहुंचे। इस अवसर पर डा.संजय निषाद ने भी शिक्षामित्रों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का वादा किया है। सम्मेलन में आदर्श सामायोजित शिक्षक–शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शाही, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय मिश्र, कार्यकारी प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार पाण्डेय, संतोष मिश्रा,गदाधर दूबे, सुमन यादव, अवनीश सिंह, रीना सिंह, अजयधर दूबे,यदुवीर यादव और अजय प्रताप सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। शिक्षकों के समान वेतनमान, मानदेय देते हुये ६२ वर्ष तक सेवा करने का अवसर, १२ माह का वेतन दिये जाने की मांग, मृतक शिक्षामित्रों के आश्रित को नौकरी, शिक्षामित्रों के स्थानान्तरण की व्यवस्था समेत अन्य मांगे शामिल रहीं।



# सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों ने दिया धरना की नारेबाजी

लखनऊ। सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं तो एक बार फिर लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरना कर नारेबाजी की। अधिकारियों के न पहुंचने पर मुख्यमंत्री आवास कूच करने के दौरान पुलिस बल ने रोक लिया। तब जाकर उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी धरने पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के बैनर तले लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य गेट पर सैकड़ों किसान एकजुट हुए। जिला प्रभारी रमेश राजपूत के नेतृत्व में महिला व पुरुष किसानों ने अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया। जिसमें मुआवजा व चबूतरों की मांग की। रमेश ने बताया कि आठ वर्ष पहले सीतापुर रोड जानकीपुरम् योजना बनाने में २३०० किसानों की भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अधिग्रहित की थी। इसकी एवज में अधिकांश किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। जिन्हें मिला तो उनकी दरों में अंतर है। वहीं, प्रभावित किसानों को भरण–पोषण के लिए चबूतरे देने थे। जिसमें ८०० किसानों को चबूतरे दिए गए। शेष के लिए बराबर लड़ते आ रहे हैं और हर बार आश्वासन मिल रहा है। इसी तरह दिसंबर में दिन–रात प्रदर्शन किया था। जिसमें ४०० चबूतरे देने का आश्वासन मिला था। साथ ही मुआवजा के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करने की बात कही गई थी। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। इधर, शाम तक धरने में कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो किसानों ने मुख्यमंत्री आवास कूच करने के लिए बढ़े। इस बात की जानकारी होते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और किसानों को उपाध्यक्ष से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उपाध्यक्ष खुद धरने पर पहुंचे और १५ मार्च तक मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है। रमेश ने बताया कि आश्वासन पर धरना खत्म कर दिया है।



# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा पर एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने यह एफआईआर बीजेपी नेता के शिकायत पर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अभद्र टिप्पणी की थी। दरअसल, उत्तर प्रदेश की हजरतगंज पुलिस ने बीते दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के टिप्पणी पर सोमवार को मुकदर्मा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज कराने के लिए बीजेपी के लखनऊ महानगर के अध्यक्ष मुकेश शर्मा कई अन्य नेताओं के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे और पुलिस से लिखित शिकायत की। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीजेपी नेता मुकेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि बीते २० फरवरी के दिन दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्रकारों से बात करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता पर अभद्र टिप्पणी की। वह इतने पर ही नहीं रुके । कांग्रेस प्रवक्ता लगातार व्यंग्य करते रहे।

# योगी ने किया विधाई डिजिटल वीथिका का लोकार्पण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन में 'विधायी डिजिटल वीथिका' का लोकार्पण किया और कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य के विधानभवन का गौरवशाली इतिहास डिजिटल गैलरी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करेगा। श्री योगी ने डिजिटल गैलरी का लोकार्पण करते हुये कहा कि विधान मंडल के इतिहास को लेकर डिजिटल गैलरी का उदघाटन हुआ है। देश और दुनिया के सबसे बड़े राज्य विधानमंडल के गौरवशाली इतिहास से आने वाली पीढी और छात्र विशेष रूप से रूबरू होंगे। गैलरी में हिन्दी और अंग्रेजी दोनो भाषाओं में विधानमंडल के १८८७ से लेकर अब तक सभी महत्वपूर्ण घटना के दर्शन होंगे। इस दौरान विधानमंडल के उतार चढाव की हर एक महत्वपूर्ण घटना का विवरण गैलरी के माध्यम से लखनऊ आने वाले लोगों को मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और अधिकारियों को बधाई देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान पीढी और छात्रों को गैलरी का अवलोकन जरूर करना चाहिये जो गौरवशाली अतीत से वर्तमान तक लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती मे अपना योगदान देगी।



# अराजकता सपा की पहचान, विकास हमारा एजेंडा : केशव मौर्य

लखनऊ। विधानभवन परिसर में बजट सत्र की शुरुआत से पहले समाजवादी पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। सपा विधायक जातीय जनगणना समेत सत्र में जनसमस्याओं को लेकर समय बढ़ाये जाने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर सपा विधायकों ने धरना भी दिया है। सपा के धरने पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा की पहचान अराजकता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी अपनी या जनता से जुड़े मुद्दे पर बात करनी है तो वो विधानसभा में कहे,इस तरह से प्रदर्शन करना सर्वथा अनुचित है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का एजेंडा केवल विकास है और विपक्ष इसको पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा है ही नहीं इसलिए इस तरह के बेकार प्रदर्शन में वो खुद को व्यस्त रखे है। केशव मौर्य ने शिवपाल यादव को लेकर कहा कि शिवपाल जी अखिलेश को सन्देश देना चाह रहे हैं कि वो नेता विपक्षी दल का अपना पद उन्हें सौंप सकते हैं।



# विमान में बम की झूठी सूचना देना युवक पर पड़ा भारी, गिरफ्तार

लखनऊ। हैदराबाद से चेन्नई जाने वाले एक यात्री उड़ान (६ई–६१५१) छूट गई थी। इस विमान को वापस एयरपोर्ट डायवर्ट करने को लेकर उसने विमान में बम होने की फर्जी सूचना दी। लेकिन कण्ट्रोल रूम अधिकारियों (६ई–६१५१) के बजाए (६ई–६१६१) विमान में बम होने की सूचना की प्रसारित कर दी गई। इस धोखे की वजह से हैदराबाद से चेन्नई जाने वाले विमान के बजाय दिल्ली से देवघर जाने वाले विमान की चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराकर उसकी जांच की गई। फर्जी सूचना देने वाले युवक को हैदराबाद में कुछ ही देर बाद पकड़ लिया गया। जहां उसने विमान छूटने की वजह से बम की झूठी सूचना देने की बात कबूली है। दरअसल, सोमवार को नई दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया ।आनन फानन में इसकी सूचना एटीसी को दी गई । विमान में यात्रा कर रहे यात्रियों में अफरा तफरी मच गयी। यात्री विमान में सीट पर खड़े होकर चीख पुकार मचाने लगे। जहां एटीसी ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अमौसी में फ्लाइट की इमरजेंसी लैडिंग कराई गई जहां सीआईएसएफ ने विमान को अपने कब्जे में लेकर डाग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता के साथ करीब ढाई घंटे से अधिक देरी तक चेकिंग व तलाशी ली जहां अफवाह की बात सामने आने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली।



# कांग्रेस में और सुधार जरूरी, सीडब्ल्यूसी में नौजवानों को मिले जगह : चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन से कुछ दिन पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि पार्टी के संविधान के मुताबिक कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के आधे सदस्यों का चुनाव होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई सीडब्ल्यूसी में नौजवान नेताओं को जगह दी जानी चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि उन्हें पता चला है कि कार्य समिति का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल के आंकड़े को लेकर कुछ मुद्दे हैं जिनका निदान पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण को करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री का यह भी कहना है कि सही मायने में विश्लेषण से इस नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा कि कांग्रेस को अगले लोकसभा चुनाव में बनने वाली विपक्षी एकता की धुरी बनना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सीडब्ल्यूसी का चुनाव होना चाहिए तो चिदंबरम ने कहा, मेरी निजी राय है कि सीडब्ल्यूसी के आधे सदस्यों का चुनाव होना चाहिए जैसा पार्टी के संविधान में प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा, बहरहाल, मुझे पता चला है कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल के आंकड़े से जुड़े कुछ मुद्दे हैं। इन मुद्दों का समाधान पार्टी की चुनाव समिति को करना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव होने पर वह उम्मीदवार होंगे तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, मेरी कोई आकांक्षा या निजी महत्वाकांक्षा नहीं है। मुझे लगता है कि सीडब्ल्यूसी में नौजवानों को निर्वाचित और नामित होना चाहिए। चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी की इकाइयों में देश और कांग्रेस की विविधता नजर आनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि नेतृत्व द्वारा तय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) के मद्देनजर सीडब्ल्यूसी का चुनाव कैसे



निष्पक्ष होगा तो उन्होंने कहा कि वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि मौजूदा नेतृत्व ने निर्वाचक मंडल का चयन किया है। उनके मुताबिक, हर राज्य में प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्यों की सूची राज्य के नेतृत्व द्वारा तय की गई। हर पीसीसी ने एआईसीसी डेलीगेट के नामों की अनुशंसा की। मेरा मानना है कि एआईसीसी ने अनुशंसाओं पर संज्ञान लिया और एआईसीसी सदस्यों की सूची को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि यह बातचीत के जरिये और सामूहिक प्रयास से हुआ है तथा ऐसे में अगर कोई कमी होती है तो यह भी साझा होगी और सामूहिक जिम्मेदारी होगी। कांग्रेस के संविधान के अनुसार, सीडब्ल्यूसी के कुल २५ सदस्यों में से १२ का चुनाव होता है तथा ११ को पार्टी अध्यक्ष नामित करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल के प्रमुख सीडब्ल्यूसी के स्वतरू सदस्य होते हैं। रायपुर में २४ फरवरी से होने वाले कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन के बारे में चिदंबरम ने कहा कि यह २०२४ के लोकसभा चुनाव से १४ महीने पहले हो रहा है तथा ऐसे में यह उम्मीद की जाती है कि एआईसीसी जनता को यह विश्वास दिलाने के लिए स्पष्ट संदेश देगी कि वह क्यों इस सदंर्भ में महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय स्तर पर सरकार में बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें लोगों के समक्ष ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा जिससे शांतिपूर्ण, समृद्ध और न्यायसंगत देश से जुड़ी जनता की आकांक्षाएं पूरी होती हों। उन्होंने विपक्षी एकजुटता के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस समेत सभी दलों को 'इस हाथ ले, उस हाथ दे' की भावना तथा विनम्रता के साथ इस काम को पूरा करने की दिशा में बढ़ना होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से निश्चित तौर पर यह बात स्थापित हुई है कि राहुल गांधी साहस, प्रतिबद्धता और दृढ़शक्ति वाले नेता हैं तथा इस यात्रा से लोगों को देश के सामने खड़ी समस्याओं का अहसास हुआ है।

# छत्तीसगढ़ में ईडी छापे पर कांग्रेस भड़की: अडाणी की जांच क्यों नहीं हो रही

नई दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह प्रतिशोध एवं उत्पीड़न की राजनीति है जिसके सामने वह झुकने वाली नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पसंदीदा उद्योगपति' गौतम अडाणी की जांच क्यों नहीं की जा ही है जबकि उनके 'गैरकानूनी कारनामे' रोजाना सामने आ रहे हैं? उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह प्रतिशोध और उत्पीड़न की राजनीति है। हमारे अधिवेशन से तीन दिन पहले कई साथियों के यहां छापे मारे गए हैं। इस धमकी की राजनीति से हम झुकने वाले नहीं हैं। रमेश ने कहा कि हमारा पूर्ण अधिवेशन होकर रहेगा। यह कार्रवाई हमारे लिए बूस्टर डोज है। हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने अडाणी समूह से जुड़े मामले का हवाला देते हुए सवाल किया कि हमारे देश का सबसे बड़ा घोटाला



है जिससे प्रधानमंत्री खुद जुड़े हैं। प्रधानमंत्री के पसंदीदा उद्योगपति गौतम अडाणी के गैरकानूनी कारनामे रोज सामने आ रहे हैं। इसकी जांच क्यों नहीं होती? रमेश का कहना था, हम 'भारत जोड़ो यात्रा' के माध्यम से जो परिवर्तन लाए हैं, वो बरकरार रहेगा। उन्होंने कहा, 'यह अमृतकाल नहीं, अघोषित आपातकाल है।' कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि २०१४ के बाद से ईडी छापे की जितनी कार्रवाई हुई है उनमें से ९५ प्रतिशत कार्रवाई विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं को निशाना बनाकर की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के लिए ईडी का मतलब 'एलिमिनेटिंग डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र खत्म करना) है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने कोयला लेवी धनशोधन मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को कांग्रेस नेताओं से जुड़े परिसरों सहित छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह छापेमारी राज्य की राजधानी रायपुर में २४-२६ फरवरी तक कांग्रेस के तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन से पहले हुई है। राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है।

# शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली। उद्धव ठाकरे गुट ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना मानने और उसे चुनाव चिह्न ''धनुष एवं तीर'' आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को सोमवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की याचिका को जल्द सूचीबद्ध करने के लिए प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश ने हालांकि कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि नियम सभी पर समान रूप से लागू होता है। मंगलवार को उचित प्रक्रिया के माध्यम से



आएं निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और उसे "धनुष एवं तीर" चुनाव चिह्न आवंटित करने का आदेश दिया था।

# ओवैसी के सरकारी आवास पर पथराव

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम प्रमुख एवं हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नई दिल्ली के अशोक रोड स्थित सरकारी आवास पर रविवार रात कथित तौर पर पत्थरों से हमला किया गया। श्री ओवैसी ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी और कहा, मेरे दिल्ली स्थित आवास पर फिर से हमला हुआ है। वर्ष २०१४ के बाद यह चौथी घटना है। इससे पहले रविवार रात मैं जयपुर से लौटा और मेरे घरेलू सहायक ने बताया कि बदमाशों के एक समूह ने पथराव किया, जिससे खिड़कियों के कांच टूट गये। दिल्ली पुलिस को उन्हें तुरंत पकड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि एक तथाकथित 'उच्च सुरक्षा' जोन में इस तरह की घटना हुई है। मैंने पुलिस को एक शिकायत सौंपी है और वे मेरे आवास पर पहुंच गए हैं।

# सास और पति की हत्या कर शवों के टुकड़े टुकड़े करके खाई में फेंके

गुवाहाटी। असम में एक महिला ने प्रेमी और दोस्त के साथ मिलकर कथित तौर पर अपने पति व सास की हत्या की,फिर शवों के टुकड़े कर पलिथीन में भरकर मेघालय ले गई और उन्हें एक खाई में फेंक दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हत्याएं पिछले साल अगस्त-सितंबर में हुई थीं और महिला की सास के शव के कुछ ही हिस्से रविवार को मेघालय से बरामद किए जा सके। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बाराह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "हत्याएं करीब सात महीने पहले की गई थीं। हमने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।" उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। संपर्क करने पर, पुलिस उपायुक्त (मध्य) दिगंत कुमार चौधरी ने कहा कि पत्नी ने सितंबर में अपने पति और सास के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि पति और सास की पहचान अमरेंद्र डे व शंकरी डे के रूप में हुई है। चौधरी ने कहा, कुछ समय बाद अमरेंद्र के चचेरे भाई ने गुमशुदगी की एक और शिकायत दर्ज करायी, जिससे पत्नी पर संदेह पैदा हुआ।" उन्होंने कहा कि दोनों मामले नूनमती थाने में दर्ज किए गए थे। गुवाहाटी के चांदमारी और नरेंगी इलाकों में दो अलग-अलग घरों में दोनों हत्याएं की गईं। चौधरी ने विस्तृत जानकारी साझा किए बिना दावा किया कि हत्याएं कथित तौर पर अमरेंद्र की पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य व्यक्ति द्वारा की गईं। संदेह है कि वह उसका बचपन का दोस्त है। चौधरी ने कहा, "हत्याओं के बाद उन्होंने शवों के छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए, उन्हें थैलियों में पैक किया और मेघालय ले गए। वहां उन्होंने टुकड़ों को पहाड़ियों से नीचे फेंक दिया।" पुलिस उपायुक्त ने कहा, "हमने शवों का पता लगाया और कल मेघालय से कुछ हिस्सों को बरामद किया। दोनों मृतकों के शवों के सभी हिस्सों को खोजने के लिए हमारा अभियान जारी है।

# दिल्ली शर्मसार! तांत्रिक ने 14 साल की बच्ची से किया रेप दुष्कर्म

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के बाबा हरिदास नगर में एक तांत्रिक ने भूत भगाने के बहाने १४ साल की एक लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता बीमार थी और उसकी मां उसे इलाज के लिए आरोपी के पास ले गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसकी मां को जब पता चला कि उसकी बेटी दो महीने की गर्भवती है, तो उसने पुलिस से संपर्क करने का फैसला किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर बाबा हरिदास नगर में पक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा, आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। आरोपी फरार है। हमारी कई टीमें उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही हैं।

# भारत-यूएई मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय संबंध नई ऊंचाई पर: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि एक वर्ष पहले हुए भारत- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय उद्यमियों को बढ़ावा मिला है और खाड़ी देश के साथ द्विपक्षीय संबंध भी गहरे हुए हैं। श्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, यूएई के साथ सीईपीए ने भारतीय उद्यमियों को बढ़ावा दिया है और यूएई के साथ हमारे संबंधों को भी गहरा किया है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर १८ फरवरी, २०२२ को श्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच एक आभासी शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए थ। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा, दोनों पक्षों को भारत-यूएई सीईपीए पर



हस्ताक्षर किए हुए एक वर्ष हो गया है। उन्होंने यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी के साथ संयुक्त रूप से लिखे एक लेख को भी संलग्न किया जिसमें बताया कि यह समझौता दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और उस सीमा पार सहयोग के लिए एक मडल पर भी प्रकाश डाला। फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा भारतीय दूतावास, अबू धाबी, भारत के महावाणिज्य दूतावास, दुबई और दुबई चौंबर्स के सहयोग से शुक्रवार को दुबई में एक विशेष व्यावसायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीईपीए पर हस्ताक्षर होने के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत और यूएई के २०० से अधिक प्रमुख उद्यमियों ने भाग लिया।

# गंगा में डूबे तीन मेडिकल छात्रों के शव बरामद

बदायूँ। उत्तर प्रदेश में जनपद बदायूं जिले के कोतवाली उझानी क्षेत्र में गंगा में डूबे तीन मेडिकल छात्रों के शव रविवार को गोताखोरों ने निकाल लिये हैं। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कछला गंगा घाट पर शनिवार दोपहर स्नान करते समय राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं के एमबीबीएस के पांच छात्र गहरे पानी में डूब गए थे। स्थानीय लोगों एवं गोताखोरों की मदद से दो छात्रों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था जबकि अन्य तीन छात्रों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन कल दिन भर चलाया गया। उन्होने बताया कि एसडीआरफ टीम ने रात में भी सर्च आपरेशन चलाया गया लेकिन अँधेरे के चलते आपरेशन को सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज सुबह जब एसडीआरफ ने अपना सर्च अभियान पुनः शुरू किया तो दोपहर तकरीबन १२ बजे सबसे पहले जय मौर्या का शव मिला उसके कुछ देर बाद पवन और अंत में नवीन सेंगर का शव घाट से ५०० मीटर दूर मिला। बदायूं के जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार देर रात तक रेस्क्यू अपरेशन किया था। अंधेरा अधिक होने के कारण आज सुबह दिन निकलते ही रेस्क्यू अपरेशन प्रारंभ करा दिया गया। लगभग ८ घंटे तो चले रेस्क्यू अपरेशन के बाद एमबीबीएस के तीनों छात्रों के शव घटनास्थल से लगभग ५०० मीटर दूर बरामद कर लिए गए। तीनों मृत छात्रों के परिजन बदायूं पहुंच चुके हैं। पोस्टमार्टम प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है जिसके पश्चात तीनों छात्रों के शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राजकीय मेडिकल कलेज बदायूं के २०१६ बैच के एमबीबीएस के पांच छात्र जय मौर्य निवासी जौनपुर, पवन प्रकाश निवासी बलिया, नवीन सेंगर निवासी हाथरस, अंकुश गहलोत(२३) निवासी भरतपुर राजस्थान एवं प्रमोद यादव (२२)निवासी गोरखपुर शनिवार महाशिवरात्रि के पर्व पर कछला गंगा घाट पर गंगा स्नान को गए थे, जहां नहाते समय गहरे पानी में जाने से उक्त पांचों डूब गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से अंकुश गहलोत और प्रमोद यादव को तो सकुशल बाहर निकाल लिया गया था जबकि जय मौर्य(२६), पवन यादव(२४) एवं नवीन सेंगर(२२) को आज एसडीआरफ की टीम की मदद बरामद कर लिया गया है।

# मुस्लिम राजनीति का चेहरा रहे आजम खान अस्तित्व के संकट से जूझ रहे

लखनऊ समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक और दशकों तक राज्य की मुस्लिम राजनीति का चेहरा रहे आजम खान अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि एक डिजाइन के तहत उनकी राजनीति समाप्त की जा रही है। वे अपनी लोकसभा सीट गंवा चुके हैं और पारंपरिक विधानसभा सीट भी गंवा चुके हैं। अब परिवार की दूसरी पारंपरिक विधानसभा सीट पर संकट आया हुआ है। वह आजम खान और उनके परिवार का आखिरी किला है। अगर वह हाथ से निकला तो उनकी राजनीति समाप्त हो सकती है और साथ ही परिवार यानी बेट की राजनीति भी हाशिए पर जाएगी। आजम खान २०१६ में तमाम उलटी परिस्थितियों के बावजूद रामपुर लोकसभा सीट जीते थे। बाद में २०२२ में वे रामपुर सदर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े और जीते। जीतने के बाद उन्होंने अखिलेश यादव के साथ साथ लोकसभा की सीट छोड़ दी। अखिलेश की आजमगढ़ और आजम की रामपुर सीट पर



उपचुनाव हुआ, जिसमें दोनों सीटों पर भाजपा जीत गई। इसके कुछ ही दिन बाद एक मामले में आजम खान को सजा हुई और आनन-फानन में उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई। इसके बाद रामपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव हुआ और उसमें भी भाजपा जीत गई। अब स्वार विधानसभा सीट की बारी है। अपने परिवार की इस सबसे सुरक्षित सीट पर आजम खान ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम को चुनाव लड़ाया था और वे बड़े अंतर से जीते थे। १५ साल पहले सड़क जाम करने के एक मामले में वे दोषी ठहराए गए हैं और उनकी सदस्यता खत्म हो गई है। अब स्वार सीट पर उपचुनाव होगा। आजम खान परिवार के लिए यह आखिरी किला है और हर हाल में इसे बचाना होगा। पहले रामपुर लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनानव में आजम ने परिवार के किसी सदस्य को नहीं उतारा था और दोनों सीट हार गए थे। स्वार में उनको परिवार के किसी सदस्य को उतार कर किला बचाना होगा।

# शिवाजी के सुशासन से प्रेरणा मिलती है: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज को



रविवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके साहस एवं सुशासन पर उनके विचारों से प्रेरणा मिलती है। सन् १६३० में पैदा हुए शिवाजी को उनके पराक्रम, सैन्य कौशल एवं प्रखर नेतृत्व के लिए जाना जाता है। मोदी ने ट्वीट किया, 'मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस एवं सुशासन पर उनके विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपना यह ट्वीट मराठी भाषा में किया। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही ट्विटर पर वर्षों से छत्रपति शिवाजी को अपने द्वारा दी जाती रही श्रद्धांजलि का एक दृश्य-श्रव्य 'मोंटाज' भी टैग किया।

# भारत-नेपाल सीमा पार कर रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। यहां भारत-नेपाल सीमा पर बिना वैध दस्तावेज के सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक चीनी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आदित्य कुमार ने बताया कि चीनी नागरिक को शुक्रवार शाम गौरीफंटा में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान चीनी नागरिक भारत में ठहरने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज



नहीं दिखा सका। डीएसपी ने कहा कि मामले में गहन जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अडानी मामला: उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता का सुझाव मानने से इनकार किया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अडानी मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक के सुझाव और हिंडनबर्ग रिसर्च समूह द्वारा धोखाधड़ी के आरोप लगाए जाने के बाद अडानी समूह के शेयरों में गिरावट पर फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील के अनुरोध को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, नहीं, हम इसे रिकॉर्ड में नहीं लेंगे। शीर्ष अदालत ने १७ फरवरी को शेयर बाजार के लिए नियामक उपायों को मजबूत करने के वास्ते विशेषज्ञों की एक प्रस्तावित समिति पर सीलबंद लिफाफे में केंद्र के सुझाव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। यह उल्लेख करते हुए कि वह निवेशकों के हितों में पूरी पारदर्शिता बनाए रखना चाहता है, न्यायालय ने कहा कि वह सीलबंद लिफाफे में केंद्र के सुझाव को स्वीकार नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने १० फरवरी को कहा था कि अडानी समूह के 'स्टॉक रूट' की पृष्ठभूमि में भारतीय निवेशकों के हितों को बाजार की अस्थिरता के



खिलाफ संरक्षित करने की आवश्यकता है। इसने नियामक तंत्र को मजबूत करने संबंधी निगरानी के लिए केंद्र से किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति की स्थापना पर विचार करने के लिए कहा था। इस मुद्दे पर वकील एम एल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने अब तक शीर्ष अदालत में चार जनहित याचिकाएं दायर की हैं।

# मुरादाबाद में चार्टर्ड अकाउंटेंट की हत्या

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में गुरुवार को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी (मजंड़ी ज्यूंतप) की उनके कार्यालय के बाहर अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी मुरादाबाद, हेमराज मीणा ने कहा, हमें एक व्यक्ति को दो बार गोली मारने की सूचना मिली। अस्पताल लाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, उनके सिर में दो बार गोली मारी गई और हम मामले की अधिक जानकारी के लिए परिवार के सदस्यों के पास जा रहे हैं। मृतक की पहचान श्वेताभ तिवारी के रूप में हुई है।

# लद्दाख में विकास के लिए सभी प्रयास करेंगे : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लद्दाख के लोगों का जीवन सरल बनाने



के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के एक ट्वीट को टैग करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें नामग्याल ने कहा था कि मोदी सरकार ने लद्दाख को सभी मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए २०२५ तक पूरी होने वाली ४.१ किलोमीटर लंबी शिंकुन ला सुरंग के निर्माण के लिए १६८१.५१ करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से लोकसभा सदस्य नामग्याल ने कहा, लद्दाख के सबसे पिछड़े क्षेत्र जांस्कर की लुंगनाक घाटी के निवासियों ने इस फैसले के लिए मोदी जी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। नामग्याल के ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने ट्विटर पर लिखा, हम लद्दाख के लोगों के लिए जीवन को आसान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# मोटरसाइकिल–जीप टक्कर में तीन परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल से परीक्षा केंद्र पर जा रहे तीन छात्र दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव बाजपेई ने बृहस्पतिवार को बताया कि मिर्जापुर थानाक्षेत्र के भूड़ा गांव के छात्र नदीम, तौसीफ तथा इजरान परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल से कलान जा रहे थे जहां एक विद्यालय में उनका परीक्षा केंद्र था। उन्होंने बताया कि थरिया गांव के पास एक बोलेरो जीप ने सामने से उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसके चलते तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है जबकि बोलेरो जीप का चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया और अब उसकी तलाश की जा रही है।

# शादी समारोह से लौट रही बोलेरो के उड़े परखच्चे


बांदा । उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन राज्य में किसी न किसी जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ ही जाती है। अब एक बार फिर से बांदा जनपद में गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। जिसमें ५ लोगों



की मौत हो गई और कई घायल है। जानकारी के अनुसार, ये हादसा तिंदवारी–पपरेंदा मार्ग पर शादी समारोह से लौट रही बोलेरो और स्कर्पियो में टक्कर के चलते हुआ है। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार ५ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। इस भीषण सड़क हादसे के बाद सड़क पर चीख–पुकार सुनाई देने लगी। सुबह का समय होने से लोगों की आवाजाही भी कम थी। जिससे घायल गाड़ी में ही तड़पते रहे। एक्सीडेंट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जानकारी में सामने आया है कि, आज सुबह करीब ५ बजे के लगभग चित्रकूट जनपद के राजापुर से शादी समारोह में शामिल होकर बोलेरो सवार वापस पैलानी थाना अंतर्गत निवाइच लौट रहे थे। तभी बोलेरो की स्कर्पियो से जबरदस्त टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि, सुबह का समय होने से रोड़ एकदम खाली था जिसके चलते वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। बांदा में हुए इस सड़क हादसे में जनहानि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए दुर्घटना में घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# 'फकीर' का जादू, झोले से एयरपोर्ट निकाला, अडानी के कब्जे में डाला! मोदी सरकार पर राहुल गांधी का अटैक

नई दिल्ली। अडानी विवाद को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार पर फिर से हमला बोला। पांच मिनट के वीडियो में गांधी ने एक बार फिर पूछा कि व्यापारिक समूह को बिना किसी पूर्व अनुभव के अनुबंध क्यों दिए गए। कांग्रेस नेता ने वीडियो में आरोप लगाया गया है कि मोदी सरकार ने २०१८ में सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत अडानी समूह को छह हवाई अड्डे सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। एक साल बाद, लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहाटी, मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और जयपुर के हवाई अड्डों के संचालन का ठेका दिया गया था। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने संसद में पीएम मोदी और अडानी के संबंधों के बारे में सच बोला। मैंने सबूत के साथ बोला कि कैसे भारत की दौलत लूटी जा रही है। इस सच्चाई को संसद के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया



था", राहुल गांधी ने ८ फरवरी को अपने लोकसभा भाषण का जिक्र करते हुए कहा। उन्होंने गौतम अडानी के साथ पीएम मोदी का एक पोस्टर भी साझा किया था। अपने लोकसभा भाषण के दौरान, राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि मोदी सरकार ने अडानी के पक्ष में कुछ कानूनों को बदल दिया, जो कि पीएम के गृह राज्य गुजरात से हैं। वायनाड से कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पीएम मोदी ने अडानी पर उनके सवालों का जवाब नहीं दिया. उन्होंने वीडियो में कहा, 'एक व्यक्ति जिसने अपने जीवन में कभी हवाईअड्डा नहीं चलाया था और जो इसके व्यवसाय को नहीं समझता था, उसे भारत के लाभदायक हवाईअड्डे को सौंप दिया गया था।' "छह हवाई अड्डों को एक कंपनी को क्यों सौंप दिया गया? वित्त मंत्रालय, नीति आयोग, एएआई ने आपत्ति जताई। इसे किसके द्वारा और क्यों खारिज किया गया? रियायत की लीज ३० साल के लिए थी, अडानी के लिए इसे बढ़ाकर ५० साल क्यों किया गया?

# निक्की हत्याकांड के आरोपी साहिल ने हत्या को एक्सीडेंट बताने की थी तैयारी

नई दिल्ली। दिल्ली में सामने आए निक्की हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस की टीम को जांच के दौरान कई सनसनीखेज जानकारी मिली है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आरोपी साहिल अपनी पहली पत्नी निक्की यादव की हत्या के बाद उसके शव को ठिकाने लगाने की तैयारी में था मगर दूसरी शादी और शादी के रीति रिवाजों को पूरा करने के कारण उसे समय नहीं मिला। गौरतलब है कि साहिल गहलोत ने नौ फरवरी को निक्की की हत्या करने के बाद उसे शव को अपने पिता समेत कुल पांच साथियों के साथ मिलकर ढ़ाबे के डीप फ्रीजर से बरामद किया था। इसके बाद आरोपी साहिल ने तैयारी की थी कि वो निक्की को अपनी गाड़ी से बाहर गिराएगा और इसे एक एक्सिडेंट दिखाते हुए उसकी हत्या का प्रयास करेगा। ये जानकारी पुलिस सूत्रों ने २० फरवरी को दी है। जानकारी के मुताबिक साहिल ने निगमबोध घाट की पार्किंग में कार के अंदर ही अपनी पहली पत्नी निक्की की हत्या गला दबाकर की क्योंकि वो पहली योजना के मुताबिक निक्की का एक्सीडेंट करने में सफल नहीं हो सका था। गहलोत ने कथित तौर पर यादव की हत्या कर दी, उसके शव को दक्षिण–पश्चिम दिल्ली स्थित अपने ढाबे के एक रेफ्रिजरेटर के अंदर रख दिया और दूसरी युवती से शादी करने चला गया। घटना का खुलासा अपराध के चार दिन बाद १४ फरवरी को वैलेंटाइन डे के दिन हुआ। पुलिस



ने मामले के सिलसिले में अब तक गहलोत, उसके पिता और चार अन्य – दो रिश्ते के भाइयों और दो दोस्तों – को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दावा किया कि साहिल गहलोत की यादव से छुटकारा पाने की योजना थी, ताकि वह अपने परिवार की पसंद की युवती से दूसरी शादी कर सके। गहलोत की पुलिस हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त होगी और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि गहलोत के पिता यादव की हत्या के बारे में जानते थे और उसने अपने बेटे का समर्थन किया। सूत्रों ने बताया कि उसे हत्या में अपनी भूमिका स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं हुई और उसने पुलिस से कहा कि उसे किसी तरह यादव से छुटकारा पाना था। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफ्तार किए गए गहलोत के रिश्ते के भाइयों में से एक पुलिसकर्मी है और उसके खिलाफ कंझावला पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा ३५४ के तहत एक अलग घटना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने दक्षिण दिल्ली में अपनी पहली पत्नी की हत्या करने और उसके शव को रेफ्रिजरेटर में रखने के आरोपी साहिल गहलोत की पुलिस हिरासत सोमवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट समीक्षा गुप्ता की अदालत ने पांच अन्य आरोपियों को १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जांच अधिकारी ने गहलोत की हिरासत तीन दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। पिछले मंगलवार को मुख्य मेट्रोपलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने गहलोत (२५) को पांच दिन की हिरासत में भेज दिया था।

# मध्यान्ह भोजन में की गड़बड़ी तो शासन तक पहुंच जाएगी शिकायत

बरेली। बच्चों के समग्र विकास के लिए परिषदीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन दिया जाता है। इसमें आए दिन गड़बड़ी की शिकायतें मिलती हैं। शासन ने इससे संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से अंकित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जारी नंबर की जानकारी बच्चों को भी देने के लिए कहा गया है। इस संबंध में बीएसए ने सभी प्रधानाध्यापकों व खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। सभी स्कूलों पर दीवारों पर मध्यान्ह भोजन का मैन्यू पहले ही अंकित है, लेकिन अब हेल्प लाइन नंबर १८००१८००६६ भी अंकित कराया जाएगा। इस टोल फ्री नंबर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य मध्यान्ह भोजन संबंधी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शासन स्तर पर इन शिकायतों तत्काल संज्ञान लिया जाएगा। बीएसए विनय कुमार ने बताया कि टोल फ्री नंबर के बारे में सभी अभिभावक व बच्चों को भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे मध्यान्ह भोजन में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर शिकायत कर सकें।

# कानपुर देहात में डीएम ऑफिस के बाहर अफसरों ने पीड़ित के कपड़े उतरवाए थे।

कानपुर। मड़ौली कांड में एक के बाद एक तथ्य उजागर हो रहे हैं। पूर्व में कब्जा हटाने पर पीड़ित परिवार १४ जनवरी को डीएम कार्यालय आया था। जहां पर एडीएम प्रशासन व हत्यारोपी निलंबित एसडीएम ने पुलिस व परिवार के सामने शिवम दीक्षित के ठंड के मौसम में कपड़े उतरवा कर बैठाया था। सोमवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालाकि अद्भुत समाचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। मैथा तहसील क्षेत्र के मड़ौली में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे के आरोप में बीती १४ जनवरी को एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने मृतका प्रमिला दीक्षित का घर गिरवा दिया था। ठंड के मौसम में रहने की जगह न होने पर परिवार के लोग लोडर में रसोई गैस सिलेंडर, गृहस्थी का सामान व मवेशियों को लेकर कलक्ट्रेट में रहने के लिए आए थे। जानकारी पर एडीएम



प्रशासन केशवनाथ गुप्त, तत्कालीन निलंबित एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद समेत प्रशासन व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उस दौरान पीड़ित परिवार ने जमीन पर वर्षों पुराना कब्जा होने के बावजूद उन्हें जबरन हटाने की शिकायत की थी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। बल्कि सोमवार को वायरल हुए वीडियो में पीड़ित शिवम दीक्षित को एडीएम प्रशासन व हत्यारोपी कपड़े उतरवा कर बैठाने की बात कहते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। जिसके बाद शिवम दीक्षित ठंड के मौसम में कपड़े उतार कर अर्द्धनग्न अवस्था में दिखाई दे रहा है। वहीं मौजूद अफसर व पुलिस कर्मी कोट, जैकेट समेत अन्य गर्म कपड़ों से लैस होते हैं। इसी दौरान एक अधिकारी कहता है कि कपड़े उतार वाकर इसे बैठाओ। करीब नौ सेकेंड के वायरल वीडियो के दौरान मानवीयता तार–तार होते दिखाई देती है। वहीं मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में अधिकारियों की संवेदनहीनता को लेकर तरह–तरह के कमेंट किए।

# महिला इंस्पेक्टर को कुत्ते ने काटा

लखनऊ। राजधानी में कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां आये दिन आम लोग कुत्तों का शिकार बन घायल हो रहे हैं। ताजा मामला वृंदावन कलोनी का सामने आया है। इस कालोनी में रहने वाली महिला इंस्पेक्टर को एक कुत्ते ने हाथ में काट लिया है। महिला का आरोप है कि उनके पड़ोसी के कुत्ते ने उन्हें काटा है और यह सबकुछ हुआ है पड़ोसी के इशारे पर। जिसके चलते पीड़ित महिला ने पीजीआई कोतवाली में लिखित शिकायत की है। दरअसल, वृंदावन सेक्टर–१४ निवासी नंदा शुक्ला कोआपरेटिव सेल में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। वहीं उनके पति अमित दूबे इंस्पेक्टर है और मौजूदा समय में गोरखपुर में तैनात हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को नंदा शुक्ला अपने कुत्ते को टहला रहीं थीं। इसी बीच उनके पड़ोस में रहने वाले दंपत्ति भी अपना कुत्ता टहला रहे थे। आरोप है कि नंदा शुक्ला को कुत्ता टहलाता देख उनके पड़ोसी वासुदेव यादव ने अपने पालतु कुत्ते के गले का पट्टा खोल दिया। पट्टा खुलते ही कुत्ता आक्रामक हो उठा और उसने नंदा शुक्ला के कुत्ते पर हमला बोल दिया। नंदा शुक्ला अपने कुत्ते को बचाने लगीं। इसी बीच हमलावर कुत्ते ने उनके हाथ में काट लिया। आरोप तो यहां तक है कि इतना कुछ होने के बाद भी वासुदेव व उसकी पत्नी ने अपने कुत्ते को संभालने का प्रयास तक करना मुनासिब नहीं समझा। नन्दा शुक्ला ने आरोप लगाया है कि वासुदेव यादव जानबूझकर अपने कुत्ते को टहलाने के लिए उनके घर के सामने लाते हैं। जिसके चलते अक्सर कुत्ता घर के सामने गंदगी कर देता था। जिसका विरोध नन्दा ने किया था। तभी से वासुदेव इस बात का विरोध मानते हैं।

# भूमि विवाद में चली गोली, एक की मौत

अंबेडकरनगर। लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद में हुए खूनी संघर्ष में एक शख्स की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जहांगीरगंज पहुंचाया गया,जहां गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला जिले के राजेसुल्तानपुर थाना अंतर्गत माझा कम्हरिया गांव से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि इंदौरपुर घिन्हापुर गांव निवासी इंद्राशन व रामदुलार के मध्य लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। रविवार की देर शाम इंद्रासन के पक्ष के लोगों द्वारा विवादित खेत की जुताई की जा रही थी । इसी दौरान रामदुलार एवं अन्य उनके परिवारी जन रोकने पहुंचे तो इंद्रासन के पक्ष के लोगों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया । ताबड़तोड़ फायरिंग में रामदरश, मोहन,अरुण कुमार तथा सोमई, धीरेंद्र,मनीष गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन–फानन में घायलों को अस्पताल भेजा गया। जहां अस्पताल ले जाते समय रामदरश ने दम तोड़ दिया। पुलिस टीम ने अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डिप्टी एसपी राम बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है और गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है । इसके अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिवपाल यादव के साथ विधानभवन में धरने पर बैठे सपा विधायक, पुलिस से हुई जोरदार भिड़ंत

लखनऊ। यूपी विधानसभा से बड़ी खबर है। विधानभवन के गेट नंबर एक पर समाजवादी पार्टी के विधायक धरने पर बैठ गए हैं। मार्शल और स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ सपा विधायकों की जोरदार धक्का–मुक्की जारी है। शिवपाल यादव के साथ विधायक विधानभवन में लगी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर जाकर सत्र चलाने में जनसमस्याओं का समय बढ़ाये जाने को लेकर हाथों में तख्ती लेकर अपना विरोध दर्ज करने निकले थे। जिन्हें विधानभवन के अंदर वाले गेट पर रोक दिया गया। कई विधायकों को सुरक्षाकर्मियों ने विधानभवन से बाहर निकाल दिया है। मीडिया के साथ भी धक्कामुक्की जारी है। विधानभवन में भारी पुलिस फोर्स पहुँच गयी है और सपा विधायकों को घेर लिया गया है। सभी से धरना खत्म करने की अपील की जा रही है।

# छापेमारी के दौरान पुलिस ने कोरेक्स की ६ पेटी पकड़ीं

बरेली। सोमवार देर रात शीशगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अवैध रूप से बिना लाइसेंस प्रतिबंधित दवा बेचने वाले युवक को ६ पेटी कोरेक्स के साथ गिरफ्तार कर लिया। कस्बा इंचार्ज दिलशाद खान और कांस्टेबल पवन बंसल द्वारा देर शाम मुखबिर की सटीक सूचना पर कस्बे में एक घर में छापा मारकर ६ पेटी कोरेक्स की शीशी बरामद गई और मौके से एक युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कोरेक्स की लगभग १७० बोतल मौके से पकड़ी गई हैं, जोकि युवक बिना लाइसेंस घर से ही कोरेक्स की बिक्री करता था। भनक लगने पर आरोपी घर से पेटी लेकर छत पर चढ़ गया और इधर–उधर फेंकने लगा लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और थाने लाकर हवालात में बंद कर दिया। पुलिस इस बात का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उससे यह कौन उपलब्ध कराता था और कौन–कौन लोग इसके साथी ही हैं जिससे कि पूरा मामला साफ हो सके। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया पकड़े गए युवक का नाम मोहम्मद जीशान उर्फ बाबू है उसके घर से कोरेक्स की १७० बोतल बरामद हुई हैं ड्रग विभाग को सूचना दे दी गई है।

# ८ अवैध कलोनियों पर गरजा बीडीए का बुलडोजर

बरेली। अवैध कलोनियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। बीडीए ने सोमवार को उमरिया गांव में बन रहीं आठ अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। उमरिया सैदपुर में शीबू ६००० वर्ग मीटर क्षेत्र में, शाहिद खां खजुरिया सैदपुर में ३००० वर्गमीटर क्षेत्रफल में, शरीफ खां ४००० वर्गमीटर में, खजुरिया फरीदापुर रोड पर उमेन्द्र ३००० वर्गमीटर क्षेत्रफल में, पहाड़गंज रोड पर सुरेश राठौर करीब ४ बीघा क्षेत्रफल में, आकिल हुसैन व अन्य उमरिया में इमामबाड़े के पीछे करीब २० बीघा क्षेत्रफल में अवैध कालोनी के लिए निर्माण कार्य करवा रहे थे। कुछ स्थानों पर भूखंड चिन्हांकन, खंभे लगाने के साथ सड़क, आफिस आदि का भी निर्माण चल रहा था। किसी भी बिल्डर ने निर्माण कार्य के लिए बीडीए से ले आउट व नक्शा पास नहीं कराया था। सूचना पर पहुंची बीडीए की टीम ने सभी के अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। टीम में अवर अभियंता सत्य प्रकाश कुशवाहा, अजय कुमार शर्मा आदि शामिल थे। बीडीए सचिव योगेन्द्र कुमार ने कहा कि किसी प्रकार की संपत्ति खरीदते समय बेचने वाले से मानचित्र स्वीकृति संबंधी अभिलेख देखकर तय कर लें कि खरीदी जा रही संपत्ति प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं।

# कानपुर कोर्ट में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया




कानपुर। बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने कचहरी में एक दिन की हड़ताल की। उनकी मांग थी कि अधिवक्ताओं के सम्मान का पूरा ख्याल नहीं रखा जा रहा है। उनके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। किसी के भी द्वारा कोई ऐसी बात नहीं सही जाएगी, जो अधिवक्ताओं के सम्मान को ठेस पहुंचाए। उन्होंने कार्रवाई की मांग के साथ कानून मंत्री को भी ज्ञापन भेजा है। साथ ही हाईकोर्ट तक यह शिकायत की है। सोमवार को कचहरी परिसर में एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता कोर्ट की बिल्डिंग के सामने एकत्रित हुए। उन्होंने धरना प्रदर्शन किया और कचहरी में वकीलों से समर्थन लिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार अधिवक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार सहा नहीं जाएगा। हाईकोर्ट जज के समक्ष भी यह शिकायत दर्ज कराई गई है और कानून मंत्री से भी इस मामले में ज्ञापन भेजा जा चुका है। यदि सुनवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप शुक्ला, महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव, संचालन अजय प्रताप सिंह चौहान, सुकर्ण सिंह चौहान, कपिल दीप सचान, भानू प्रताप सिंह, देवेंद्र शर्मा, रंजय सिंह, हेमंत कुमार तिवारी, हरीष्ण शुक्ला, सुशील कुमार वर्मा, जागेंद्र स्वरूप अवस्थी, ज्ञानेश्वर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनता से जुड़े मुद्दों पर करें चर्चा, सरकार तैयार : योगी

लखनऊ। यूपी विधानसभा का बजट सत्र अब से कुछ ही देर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के बाद शुरू हो जाएगा। इससे पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ विधानसभा में पहुँच गए हैं। सीएम योगी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि सदन में जनसमस्याओं से जुड़ी बातों को जरूर उठायें, सरकार हर तरह की सारगर्भित चर्चा को तैयार है। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन को लेकर भी बिना किसी का नाम लिए कहा



कि जनता ने आपको यहाँ चुनकर भेजा है इसलिए ऐसा कोई आचरण न करें जो जनता के हित में न हो। सीएम योगी ने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होकर आगामी १० मार्च तक चलेगा। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को उठाने का पूरा समय दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस सत्र में आम जनता से जुड़े मुद्दों को सही निर्णय लेकर उन्हें लाभ दिया जा सके।

# स्वास्थ्य कर्मी पर अस्पताल के बाहर निजी लैब संचालित करने का आरोप

लखनऊ। इंदिरानगर स्थित बाल महिला चिकित्सालय के स्वास्थ्य कर्मी पर अस्पताल के बाहर निजी लैब संचालित करने का आरोप लगा है। अस्पताल में न होने वाली सभी जांच उस लैब से हो रही है। इस खेल में निजी लैब के एजेंट शामिल हैं, वह बेधड़क होकर अस्पताल में घूमकर मरीजों का नमूना ले रहे हैं। अस्पताल प्रभारी को इसकी जानकारी होने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सीएमओ ने जांच के आदेश जारी किए हैं। इंदिरा नगर बाल महिला चिकित्सालय की ओपीडी में हर दिन करीब २०० से अधिक महिलाएं—बच्चे इलाज के लिए आते हैं। यहां पर नार्मल— सिजेरिन प्रसव भी कराए जा रहे हैं। अस्पताल की लैब में सीमित जांच की सुविधा है। ऐसे में गर्भवती व बच्चों को जांच के लिए बाहर खुली लैब में भेजे जाने का आरोप है। चिकित्सालय में सामान्य जांच की सुविधा है। इसका फायदा निजी लैब उठा रही है। आरोप है कि अस्पताल में कार्यरत एक स्टफ ने हाल ही में अपनी लैब खुलवा दी है। निजी लैब के एजेंट ओपीडी एयर वार्ड में भर्ती मरीजों के नमूने ले रहे हैं। निजी लैब के एजेंट ओपीडी—वार्ड में घूमने व महिला मरीजों को निजी लैब ले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला संज्ञान में आया है, निजी लैब से जांच कराए जाने का मामला बहुत गंभीर है। पूरे मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डॉ. मनोज,सीएमओ

# तमिल के मशहूर कॉमेडियन मयिलसामी का निधन

मुंबई। तमिल सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता मयिलसामी का रविवार तड़के निधन हो गया। दक्षिण भारतीय कलाकार संघ (एसआईएए) ने यह जानकारी दी। एसआईएए ने ट्वीट किया किया ५७ वर्षीय हास्य कलाकार मयिलसामी को रविवार तड़के दिल का दौरा पड़ा। मयिलसामी ने १०० से अधिक फिल्मों में काम किया। वह टीवी परिचर्चाओं में भी भाग लेते रहे। अभिनेता के निधन पर उनके कई साथी कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है। रमेश बाला ने बताया कि तबीयत खराब होने का बाद परिवार के लोग मयिलसामी को पोरुर रामचंद्र हॉस्पिटल लेकर दौड़े, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाद में डॉक्टरों ने भी मयलिसामी के निधन की पुष्टि कर दी। मयिलसामी की मौत के बाद उनका आखिरी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह डबिंग स्टूडियो में



अपनी आने वाली फिल्म 'ग्लासमेट' के लिए डबिंग करते नजर आ रहे हैं। मयिलसामी की अचानक मौत से पूरी साउथ फिल्म इंडस्ट्री और फैन्स को तगड़ा झटका लगा है। कमल हासन ने भी दोस्त मयिलसामी को याद कर उनकी मौत पर शोक व्यक्त किया। कोलीवुड के सबसे लोकप्रिय अभिनेता विक्रम ने भी मयिलसामी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा— प्रिय माइल, आपके मधुर और मजेदार तरीके हमेशा याद किए जाएंगे। मयिलसामी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म निर्माता—अभिनेता के भाग्यराज की फिल्म 'धवानी कानवुगल' से की थी। इस फिल्म में वह एक छोटे से रोल में नजर आए थे। बाद में उन्होंने और भी कई फिल्में कीं, जिनमें वे हास्य और सहायक भूमिकाओं में नजर आए। मयिलसामी ने सर्वश्रेष्ठ कमेडी अभिनेता के लिए तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार जीता।

# रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की आने वाली फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। रानी मुखर्जी जल्द ही फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। इस पोस्टर में रानी मुखर्जी एक बच्चे को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं और दूसरा बच्चा उनके बराबर में खड़ा है। मशहूर फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे' का लेटेस्ट मोशन पोस्टर शेयर किया है। तरण आदर्श ने बताया



कि २३ फरवरी को फिल्म श्मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वेश का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' सच्ची घटना पर आधारित है। यह एक इंडियन कपल की सच्ची कहानी है, जिनके बच्चे को साल २०११ में नर्वेजियन वेलफेयर सर्विस द्वारा छीन लिया गया था। फिल्म में रानी मुखर्जी के अलावा क्रिस्टजन उक्सकुला, एर्की लॉर और कैरल टैम अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में १७ मार्च को रिलीज हो सकती है।

# एक्टिंग एक ऐसा जॉब है जो आपको अलग-अलग तरह के किरदार निभाने का मौका देता है।

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी हॉरर फिल्मों में काम करना चाहती है। नरगिस फाखरी ने



बताया, मुझे पर्सनली हॉरर फिल्में देखना बहुत पसंद है लेकिन, भारत में अधिक हरर फिल्में बनती नहीं। मुझे यदि अवसर मिलता है तो किसी हरर फिल्म में काम करना पसंद करूंगी। मैं एक्शन फिल्म में भी काम करना चाहती हूं। मुझे लगता है की एक्टिंग ही एक ऐसा जॉब है जिसमें आपको अलग—अलग तरह का रोल निभाने का मौका देता है। नरगिस फाखरी ने कहा, मैंने दक्षिण भारतीय फिल्म 'यशोदा' देखी जो मुझे बेहद पसंद आयी है। यदि इस फिल्म का रीमेक बनता है, तो मैं सामंथा प्रभु का किरदार निभाना चाहती हूं। मुझे लगता है की ऐसी कई रियल स्टोरीज हैं जिसे हम फिल्मों के जरिए लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

## फिल्म डंकी के सेट से वायरल हुई शाहरुख खान की लेटेस्ट तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान इन दिनों आने वाली फिल्म 'डंकी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'डंकी' के सेट से शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें उनका कूल अंदाज दिखाई दे रहा है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू नजर आएंगी। डंकी २३ दिसंबर २०२३ को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। गौरतलब है कि शाहरुख खान ने चार साल के लंबे ब्रेक के बाद सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक कर लिया है। उनकी फिल्म श्पठानश रिलीज हो चुकी है। शाहरूख की आने वाली फिल्मों में 'जवान' और 'डंकी' शामिल हैं।

## होली बाद बढ़ेंगी भवन निर्माण सामग्री की कीमतें

लखनऊ। खपत बढ़ने की वजह से होली बाद भवन निर्माण सामग्री की कीमतों में इजाफा होने के आसार हैं। चूंकि भवन निर्माण के लिए मार्च, अप्रैल और मई के महीने का मौसम अनुकूल होता है, ऐसे में त्योहार बाद भवन सामग्री की कीमतों में तेज उछाल आने के आसार हैं।सरिया पहले से ही ६६ हजार रुपये टन है। बालू के एक हजार घनफीट की ट्रक का भाव २५,००० रुपये है। मौरंग की कीमत ६५,००० रुपये प्रति ट्रक है। वहीं सामान्य सीमेंट की बोरी की कीमत ३६० रुपया है। उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ के अध्यक्ष श्यामसूर्ति गुप्ता बताते हैं कि होली बाद कीमतों में उछाल आएगा। लोगों ने भवन निर्माण शुरू कर दिए हैं। इस दौरान भवनों में रखरखाव का काम भी तेजी से आगे बढ़ेगा। बरसात से पहले खासतौर पर रखरखाव का काम बहुत तेजी से होता है। ऐसे में खपत बढ़ने के साथ ही कीमतों में इजाफा होगा। चाहे वह बालू हो मौरंग, गिट्टी हो या फिर सरिया, सभी के दाम बढ़ेंगे।


**हमारे अन्य प्रतिनिधि**

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक